अभिमान नहीं होना चाहिए कि मुझे किसी की जरूरत नहीं पड़ेगी और ये वहम भी नहीं होना चाहिए कि मेरी जरूरत सबको पड़ेगी

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त


# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-259 ● कटनी ● शनिवार, 23 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष -3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## श्रीनगर पहुंचे अमित शाह, शहीद इंस्पेक्टर के घर जाकर दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिनी जम्मू-कश्मीर दौर शनिवार को श्रीनगर पहुंचे। एयरपोर्ट पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय गृहमंत्री शहीद पुलिस इंस्पेक्टर परवेज अहमद के घर गए और श्रंद्धाजलि दी। आतंकियों ने 22 जून को परवेज की हत्या कर दी थी। जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 हटने के बाद यह पहला मौका है जब अमित शाह श्रीनगर का दौरा कर रहे हैं। वहीं हाल के दिनों में नागरिकों की हत्या के बाद भी यह दौरा अहम माना जा रहा है। सेना और पुलिस ने पिछले 13 दिनों में 15 आतंकियों को मौत के घाट उतारा है। कहा जा रहा है कि आतंकियों नेअमित शाह को जम्मू-कश्मीर आने से रोकने के लिए टारगेट कीलिंग शुरू की थी, लेकिन सेना ने आतंकियों को मुंह तोड़ जवाब दिया।

# अब माचिस से लगेगी महंगाई की आग



**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां पेट्रोल- डीजल, गैस और खाने की तेल के दाम तेजी से बढ़ते जा रहे हैं वहीं अब दैनिक उपयोग में आने वाली माचिस की कीमत भी 14 साल बाद बढ़ने जा रही है। एक रुपये में मिलने वाली माचिस की डिब्बी अब दो रुपये में मिलेगी और नई कीमतें एक दिसंबर से लागू होंगी। पांच प्रमुख माचिस उद्योग निकायों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से 1 दिसंबर से प्रति माचिस की कीमत एक रुपये से बढ़ाकर दो रुपये करने का फैसला लिया है।

### वर्ष 2007 में बढ़ी थी माचिस की डिब्बी की कामत

पिछली बार माचिस की डिब्बी की कीमत में वर्ष 2007 में संशोधन किया गया था तब 50 पैसे से बढ़ाकर माचिस की डिब्बी की कीमत एक रुपये कर दी गई थी। गुरुवार को शिवकाशी में ऑल इंडिया चैंबर ऑफ माचिस की बैठक में यह निर्णय लिया गया। माचिस निर्माताओं ने कहा कि माचिस बनाने के लिए 10 से अधिक प्रकार के कच्चे माल की जरूरत होती है। लेकिन कच्चे माल की कीमत में काफी बढ़ोतरी हो गई है जिससे अब वर्तमान कीमत पर बेचना संभव नहीं है। निर्माताओं ने कहा कि एक किलोग्राम लाल फास्फोरस 425 रुपये से बढ़कर 810 रुपये, मोम 58 रुपये से 80 रुपये, बाहरी बॉक्स बोर्ड 36 रुपये से 55 रुपये और भीतरी बॉक्स बोर्ड 32 रुपये से 58 रुपये तक पहुंच गया है। कागज, स्प्लिंट्स की कीमत , पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर के दामों में भी 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि हो गई है। डीजल की बढ़ती कीमत ने भी उन इस उद्योग पर अतिरिक्त बोझ डाला है। तमिलनाडु में इस उद्योग में लगभग चार लाख लोग काम करते हैं और इन कर्मचारियों में 90 फीसदी से अधिक महिलाएं हैं। माचिस की कीमत बढ़ने के बाद कर्मचारियों को बेहतर भुगतान भुगतान मिलने की उम्मीद है।

## अक्षय ने महाकाल के दर्शन कर ट्विटर पर लिखा- कर्ता करे न कर सके शिव करे सो होय..



**उज्जैन।** फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार आज शनिवार की सुबह उज्जैन पहुंचे। वे अपनी फिल्म ओह माय गॉड 2 की शूटिंग के लिए आए हैं। मंदिर पहुंचने के पहले ही उज्जैन कलेक्टर आशीष सिंह उन्हें लेने महाकाल धर्मशाला पहुंच गए थे। अक्षय कुमार को वे खुद अपने साथ मंदिर के अंदर ले गए व बाबा महाकाल के दर्शन कराए। इसके पहले कलेक्टर आशीष सिंह ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि शूटिंग के दौरान मंदिर की सभी जरूरी व्यवस्थाएं चालू है। दर्शन भी नहीं रोके गए हैं तथा आरती, पूजन का सिलसिला भी जारी है। शूटिंग परिसर में होगी। अक्षय कुमार आज शाम तक यहीं रहेंगे। फिल्म की पूरी यूनिट उज्जैन में है। अक्षय कुमार ने ट्विटर पर लिखा, कर्ता करे न कर सके शिव करे सो होय।

गोटेगांव में डबल मर्डर

# वृद्ध दंपत्ति को उतारा मौत के घाट





**जबलपुर, गोटेगांव यशभारत।** श्रीधाम रेलवे स्टेशन के समीप ग्राम गोटेगांवखेड़ा में अकेले रहने वाले दंपती की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी।घटना का पता उस वक्त चला जब पड़ोसियों ने घर से आ रही बदबू के कारण मृतक के परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके की जांच में पुलिस को दंपती के शव अलग-अलग पलंग पर मिले। जिनके सिर वाले हिस्से में किसी धारदार हथियार से वार किया गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को जांच के लिए मार्गदर्शन दिया।

जानकारी अनुसार वृद्ध दंपत्ति पदम लोधी एवं महिला शांति बाई लोधी की धारदार हथियार से हत्या की गई है घटना की जानकारी उस समय मिली जब घर से बदबू आने के कारण कुछ लोगों ने उसके बेटे प्रहलाद जो कि श्याम नगर ग्राम में रहता है उसे खबर दी। दम्पति का बेटा जब घर पहुंचा तो घर का नजारा देखकर घबरा गया उसने तत्काल गोटेगांव पुलिस को जानकारी दी। बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जब पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव ने बताया कि गोटेगांव में डबल मर्डर की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचकर अधिनस्थ अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए गए हैं। वृद्ध दंपती की हत्या की जानकारी लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं पुलिस अधीक्षक के साथ अन्य अधिकारियो ने भी मौके को देखा और जांच टीम को निर्देशित किया।

### 19 को आखिरी बार दिखे थे दोनों

पुलिस के अनुसार मृतक दंपती को पड़ोसियो ने आखिरी बार बीते 19 अक्टूबर को देखा था उसके बाद से ही वह किसी को नहीं दिखे थे। शुक्रवार को जब कुछ पड़ोसियो को दंपती के घर से बदबू आती महसूस हुई तो उन्होने श्यामनगर में रहने वाले उसके पुत्र को सूचना दी। जिसने घर आकर देखा तो उसके माता-पिता मृत पड़े थे, इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। घटना की प्रथम दृष्टयां जांच में यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मृतको के घर से कोई सामग्री चोरी हुई है या नहीं। पुलिस के अनुसार मृतक दंपती की आर्थिक हालत कमजोर थी और वृद्धावस्था पेंशन की राशि से ही उनका गुजारा होता था। पुलिस घटना से जुड़े सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

किसान कल्याण योजना

## 77 लाख किसानों के खाते में ट्रांसफर किए 1540 करोड़ रुपये



**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के मिंटो हाल में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत प्रदेश के 77 लाख किसान परिवारों को 1540 रुपये करोड़ सिंगल क्लिक द्वारा वितरित किए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और कन्या पूजन के साथ हुई। सीएम यहां किसानों से संवाद भी करेंगे। इसमें वे जिले शामिल नहीं हुए, जहां उपचुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की भलाई के लिए जो काम करता है, ऐसे किसानों को मैं हाथ जोड़कर प्रणाम करता हूं। भगवान के बाद मेरे लिए श्रद्धा के केंद्र किसान हैं। ये देश आपका ऋणी है। आप भाग्य विधाता हो। कांग्रेस ने शिकायत की। मैं कहता हूं देने वाला दे रहा है लेने वाला ले रहा है तुम्हें क्यों तकलीफ है। ये रनिंग योजना है। आठ महीने बाजार बंद रहे। खजाना खाली फिर भी पैसा दे रहे हैं। 2003 से पहले दो हजार करोड़ टन उत्पादन हो रहा था, जो अब बढ़कर छह हजार करोड़ हो गई। ये सिंचाई से संभव हुआ। हमने सिंचाई योजनाएं बनाई। निमाड़-मालवा में पठार पर नर्मदा का पानी पहुंचाना था।

## CBSE ने जारी की संशोधित डेट शीट



**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन, ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर 10वीं 12वीं सेमेस्टर 1 परीक्षा के लिए संशोधित टाइम टेबल जारी कर दिया है। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, आईसीएसई, आईएससी सेमेस्टर 1 डेट शीट 2022 उन परीक्षाओं के लिए है जो ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी और नवंबर में ही शुरू होंगी। आईसीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 29 नवंबर से शुरू होगी और आईएससी कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 22 नवंबर से शुरू होगी। अभ्यर्थी ध्यान दें कि आईसीएसई, आईएससी सेमेस्टर 1 के लिए पहले भी डेट शीट 2022 जारी की गई थी, हालांकि सीआईएससीई द्वारा किन्ही कारणों की वजह से बोर्ड परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। बोर्ड ने एक आधिकारिक बयान जारी कर अपने नियंत्रण से बाहर के कारणों के कारण परीक्षा स्थगित करने का फैसला किया है।

एनसीबी ने लगाई अभिनेत्री अनन्या को फटकार

## यह आपका फिल्मी प्रोडेक्सन यूनिट नहीं है



**मुंबई।** क्रूज ड्रग्स मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। इस मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान काफी दिनों से जेल में बंद हैं और कोर्ट ने भी आर्यन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है, जिसके बाद अब आर्यन खान ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वहीं, इस मामले में चंकी पांडे के बेटी व एक्ट्रेस अनन्या पांडे का नाम भी आ गया है। एनसीबी के अधिकारी अनन्या पांडे से दो बार पूछताछ कर चुके हैं और अब तीसरी बार पूछताछ के लिए एक्ट्रेस को 25 अक्तूबर यानी सोमवार को सुबह 11 बजे बुलाया गया है। अभिनेत्री दोनों बार एनसीबी के ऑफिस देर से पहुंची थीं, जिसके चलते एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने अनन्या को फटकार लगाई है। इतना ही नहीं, उन्होंने अनन्या को ये भी कहा है कि, ये आपका कोई प्रोडक्शन हाउस नहीं है। अनन्या पांडे से शुक्रवार को दूसरी बार पूछताछ हुई। इस दौरान अनन्या को सुबह 11 बजे एनसीबी दफ्तर पहुंचने के लिए कहा गया था, लेकिन एक्ट्रेस 11 बजे ना पहुंचकर 2 बजे एनसीबी दफ्तर पहुंची थीं। अनन्या का देर से आना एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े को बिल्कुल पसंद नहीं आया, जिस वजह से उन्होंने अनन्या को फटकार लगाई। उन्होंने कहा, 'आपको सुबह 11 बजे बुलाया गया था और आप अब आ रही हैं। अधिकारी आप के इंतजार में नहीं बैठे रहेंगे। ये आपका प्रोडक्शन हाउस नहीं है। ये सेंट्रल एजेंसी का ऑफिस है। आपको जितने बजे बुलाया जाए उसी समय आ जाया करो।'

## दुनिया के 700 मंदिरों पर प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले और इस्कॉन मंदिर में की गई तोड़-फोड़ के खिलाफ संस्था से जुड़े श्रद्धालु शनिवार को सड़क पर उतर आए हैं। इस्कॉन के आह्वान पर दुनिया भर के इस्कॉन श्रद्धालु हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यह प्रदर्शन दुनिया के 150 देशों में स्थित 700 इस्कॉन मंदिरों पर चल रहा है। न्यूज एजेंसी एएनआई की ओर से कोलकाता में चल रहे विरोध प्रदर्शन की तस्वीरें भी जारी की गई हैं। 16 अक्तूबर को बांग्लादेश के नोआखाली में उपद्रवी भीड़ द्वारा इस्कॉन मंदिर पर हमला कर दिया गया था। इस दौरान भीड़ ने मंदिर परिसर में घुसकर तोड़फोड़ की, जिसमें से श्रद्धालु की मौत भी हो गई थी। इसके अलावा घटना से पहले भी दुर्गा पंडालों को बांग्लादेश में कई जगह निशाना बनाया गया था। इन हमलों में भी चार हिंदुओं की मौत हो गई थी।

### फूड सेफ्टी टीम देख व्यापारी ने लगा दी दौड़

**ग्वालियर।** फूड सेफ्टी विभाग की टीम आज सुबह रेलवे स्टेशन के पार्सल रूम में पहुंची थी। यहां मावा बुक कराने आए व्यापारी की नजर जैसे ही टीम पर पड़ी तो वह बिल एवं कागज फाड़कर तुरंत भाग निकला। फूड सेफ्टी आफिसरों ने भी उसे पकड़ने के लिए दौड़ लगाई, लेकिन तब तक वह रफूचक्कर हो चुका था। फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने यहां पर रखा 665 किलो मावा सैंपल ले लिया है।

## स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत



**बड़वानी।** बड़वानी जिले के अंजड़ में शनिवार सुबह निजी स्कूल की बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बस में सवार करीब 10 बच्चे सामान्य रूप से घायल हुए हैं। जानकारी अनुसार अंजड़ की अंजड़ पब्लिक स्कूल की बस क्लीनर चला रहा था जबकि चालक बस में सवार था। दुर्घटना में बस चला रहा क्लीनर तो बज गया लेकिन बच्चों के साथ बस में बैठे स्कूल बस के चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर आसपास के लोगों सहित बच्चों के स्वजनों की भीड़ जमा हो गई। वहीं पुलिस और एंबुलेंस भी तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल बच्चों को एंबुलेंस से सामुदायिक अस्पताल लाकर उपचार शुरू किया गया।

## आस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीयों को दीपावली पर ऐच्छिक अवकाश दिया जाये

**नई दिल्ली।** विगत दिवस राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा के निवास पर भारत में कार्यरत ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त माननीय श्री बैरी ओ फैरल जी सौजन्य भेंट हेतु आये थे। अपने निवास स्थान पर श्री तन्खा द्वारा श्री बैरी ओ फैरल जी का स्वागत करते हुए कुछ प्रमुख मांगों के संबंध में ध्यानाकर्षण कराया। क्श्री तन्खा ने उनसे कहा था कि ऑस्ट्रेलिया में भारत के हजारों बच्चे पढाई कर रहे हैं और हजारों नागरिक वहां पर नौकरी या अपना रोजगार कर रहे हैं। 4 नवंबर को भारतवर्ष में दिवाली का त्यौहार मनाया जाने वाला है यह हमारे देश का प्रमुख त्यौहार है इसीलिए ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीयों के लिए इस दिन को ऐच्छिक अवकाश दिवस घोषित करना चाहिए जिसके कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया की दोस्ती और प्रगाड़ होगी।

इसके अलावा कोविड महामारी के समय हजारों लोगों का ऑस्ट्रेलिया से भारत और भारत से ऑस्ट्रेलिया आना हुआ और सिर्फ एक फ्लाइट जो कि मुंबई से एक दिन सिडनी और एक दिन मेलबोर्न आना जाना कर रही थी जिससे लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि ऐसी एक फ्लाइट नई दिल्ली से भी सिडनी/मेलबोर्न हेतु चलाई जानी चाहिए जिसके कारण नागरिकों को आने जाने की काफी सुविधा प्राप्त हो सकेगी। श्री बैरी ओ फैरल से कहा कि लाखों हिन्दुस्तानी बच्चे ऑस्ट्रेलिया के स्कूलों और कालेजों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और कुछ ऑस्ट्रेलिया के विद्यार्थी भारत में भी पढाई कर रहे हैं। परन्तु कोविड महामारी के कारण ऑस्ट्रेलिया में पढाई करने वाले भारत ही नहीं और भी देशों से आने वाले विद्यार्थीयों की संख्या में भारी गिरावट आई है। जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी और इंस्टीट्यूशन को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है यूनिवर्सिटी/इंस्टीट्यूशन द्वारा ली जाने वाली फीस कम करने हेतु प्रयास होने चाहिए ताकि पुनः बड़ी संख्या में छात्र वहां जाकर शिक्षा ग्रहण कर सकें। कोंटास एयरलाइन के श्री ऐलन जोएस द्वारा दिल्ली से सिडनी फ्लाइट प्रारंभ करने की स्वीकृति कर दी है। यह फ्लाइट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख त्यौहार क्रिसमस के अवसर पर प्रारंभ हो जाएगी। श्री तन्खा ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे प्राइम मिनिस्टर माननीय श्री स्कॉट मोरिसन, उच्चायुक्त माननीय श्री बैरी ओ फैरल और कोंटास एयरलाइन के श्री ऐलन जोएस को इस हेतु धन्यवाद दिया है।




राजदूत से मिले विवेक कृष्ण तन्खा




## करवा चौथ पर बन रहा विशेष संयोग, चंद्रमा के साथ सूर्यदेव की भी करें पूजा

**धर्म डेस्क।** ।करवा चौथ व्रत का हिंदू धर्म में खास महत्व है और इस साल करवा चौथ व्रत 24 अक्टूबर (रविवार) को मनाया जाएगा।करवा चौथ पर महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए व्रत रखती हैं। यह व्रत विवाहित महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्रत माना जाता है। करवा चौथ के दिन महिलाएं बड़ी श्रद्धा से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं, साथ ही चंद्रमा की भी पूजा की जाती है। करवा चौथ का त्योहार पति-पत्नी के बीच मजबूत रिश्ते, प्यार और विश्वास का प्रतीक होता है। इसके अलावा अविवाहित लड़कियां भी इस दिन मनचाहे वर के लिए व्रत रखती हैं। करवा चौथ हर साल कार्तिक महीने में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। देश में करवा का व्रत दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश सहित देश के उत्तरी भाग में अधिक लोकप्रिय है। इस बार करवा चौथ का व्रत रोहिणी नक्षत्र में होगा।



### करवा चौथ व्रत पर इस बार इसलिए करें सूर्यदेव की पूजा

करवा चौथ के रोहिणी नक्षत्र में होने से इस बार व्रत करने वाली महिलाओं को सूर्य देव की पूजा करनी चाहिए। ज्योतिष के जानकारों के मुताबिक इस व्रत में विशेष संयोग बन रहा है। सूर्य देव स्वास्थ्य और दीर्घायु के प्रतीक हैं। करवा चौथ 24 अक्टूबर को सुबह 3ऽ1 बजे से शुरू हो रहा है। यह 25 अक्टूबर को सुबह 5.43 बजे तक चलेगा। व्रत का शुभ मुहूर्त 24 अक्टूबर की शाम 6.55 मिनट से 8.51 मिनट के बीच बन रहा है. करवा चौथ के दिन महिलाएं सूर्योदय से सूर्यास्त तक कुछ भी नहीं खाती-पीती हैं। इस अवसर पर व्रत रखने वाली महिलाएं अपना सर्वश्रेष्ठ दिखने के लिए पारंपरिक पोशाक जैसे साड़ी या लहंगा पहनती हैं। व्रत रखने वाली महिलाएं भी हाथों में मेहंदी लगाती हैं और दुल्हन की तरह श्रृंगार करती हैं और आभूषण पहनती हैं। इसके अलावा व्रत करने वाली महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देती हैं। पति की लंबी उम्र की प्रार्थना करें। उसके बाद पति थाली से पानी और फल लेता है और अपनी पत्नी को व्रत तोड़ने के लिए खिलाता है। पति के हाथ से जल पीकर पत्नी ने व्रत तोड़ा।




## तीसरे चरण की काउंसिलिंग के बाद भी बीएड कालेजों में 12 हजार सीटें खाली

**भोपाल।** प्रदेश के 655 कालेजों में 58 हजार 600 सीटों पर अब तक 47 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। वहीं राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के नौ कोर्सों में 70 हजार सीटों पर 53 हजार प्रवेश हुए हैं। इस तरह से करीब 27 हजार सीटों पर प्रवेश बाकी है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एनसीटीई के नौ कोर्स के लिए चलाए जा रहे अतिरिक्त राउंड में 12,733 विद्यार्थियों को सीटों का आवंटन किया गया था। इनमें से शुक्रवार तक 2066 ने फीस जमा कर एडमिशन ले लिया है। एनसीटीई के सभी कोर्सों में पिछले तीन राउंड तक 70,595 सीटों में से 53,872 ने प्रवेश लिया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एनसीटीई के बीएड, एमएड, बीएडएमएड, बीएबीएड, बीएससीबीएड और बीएलएड कोर्स सहित 9 कोर्सों में प्रवेश के लिए आनलाइन काउंसिलिंग का अतिरिक्त राउंड चलाया जा रहा है। इसमें सभी कोर्सों में 22,833 विद्यार्थियों का सत्यापन हुआ है। 12,733 सीटों के आवंटन में सबसे ज्यादा बीएड में 11103 सीटों का आवंटन हुआ है। बीएड कोर्स में 1764 विद्यार्थी एडमिशन ले चुके हैं। ज्ञात हो कि विभाग द्वारा एनसीटीई के 9 कोर्सों में मौजूद 70,595 सीटों में एडमिशन के लिए तीसरे राउंड तक 1,14,040 पंजीयन हुए थे। इसमें 1,05,789 को आवंटन हुआ था, जबकि केवल 53,872 विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिया था। इसमें अकेले बीएड की 58,600 सीटों के लिए 47,551 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जबकि बीएड के लिए 1,01,668 ने पंजीयन कराया था।

# पश्चिम-मध्य रेलवे जोन में 120 फुट ओवरब्रिज

## भोपाल रेल मंडल के 30 स्टेशनों पर 32, जबलपुर मंडल के 47 स्टेशनों पर 59 और कोटा मंडल के 30 स्टेशनों पर 33 एफओबी हैं

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे ने बीते पांच सालों में तेजी से नए फुट ओवरब्रिज (एफओबी) का निर्माण किया है, जिसके बाद इनकी संख्या बढ़कर 120 हो गई है। इन एफओबी से रोजाना आठ से दस लाख यात्री उपयोग कर रहे हैं। इनमें से 75 फीसद ब्रिज ऐसे हैं, जिनकी उम्र 50 साल से अधिक है। 15 फीसद ब्रिज 25 से 30 साल पुराने हैं और 10 फीसद ब्रिज नए हैं। भोपाल रेल मंडल के 30 स्टेशनों पर 32 एफओबी, जबलपुर के 47 स्टेशन पर 59 एफओबी और कोटा के 30 स्टेशनों पर 33 एफओबी हैं। बता दें कि वर्ष 2016 तक भोपाल रेल मंडल समेत जोन में ब्रिजों की संख्या 100 से कम थी। यात्रियों की मांग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव के बाद 20 नए ब्रिजों का निर्माण पूरा करा लिया है। पश्चिम-मध्य रेलवे जबलपुर जोन के मुख्य प्रवक्ता राहुल जयपुरिया ने बताया कि आने वाले सालों में और भी फुट ओवरब्रिज के निर्माण की योजना है। जिस पर रेल मंडल कार्यालय स्तर से कार्रवाई चल रही है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि कुछ स्टेशन ऐसे भी हैं, जहां पुराने ब्रिजों को हटाकर नए ब्रिज बनाए हैं। नए ब्रिज कम से कम 60 से 70 साल तक चलेंगे। स्टेशनों पर यात्रियों का दबाव बढ़ा तो ऐसे ब्रिजों का विस्तार भी कर सकते हैं।



### होशंगाबाद समेत कई स्टेशनों पर अतिरिक्त ब्रिज का निर्माण

रेलवे ने यात्रियों के दबाव और असुविधा को देखते हुए होशंगाबाद समेत कई स्टेशनों पर अतिरिक्त ब्रिजों का निर्माण किया है। ये निर्माण उन स्टेशनों पर किए हैं, जहां पहले से एक ब्रिज था लेकिन उस पर दबाव बढ़ रहा था। साथ ही ब्रिज स्टेशन के एक छोर पर थे और दूसरी छोर के यात्रियों को काफी पैदल चलना पड़ता था, जिसे देखते हुए संबंधित स्टेशनों पर अतिरिक्त ब्रिजों का निर्माण किया है।




# 17 हजार स्कूलों ने नहीं अपलोड की फीस की जानकारी

**भोपाल ।** प्रदेश के निजी स्कूलों को फीस संबंधी जानकारी अपलोड करनी थी, लेकिन अब तक करीब 17 हजार स्कूलों ने जानकारी नहीं दी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के परिपालन में प्रदेश के निजी स्कूलों द्वारा फीस का ब्यौरा मांगा गया था, लेकिन अब भी 52 फीसद स्कूलों ने जानकारी अपलोड की है। वहीं राजधानी के करीब 57 फीसद ने जानकारी दी है। फीस का ब्यौरा विभाग के शिक्षा पोर्टल पर अपलोड किया जाना है, लेकिन अभी भी 17,870 स्कूलों ने यह जानकारी अपलोड नहीं की है। विभागीय अधिकारी जल्द ही स्कूलों की ओर से ब्यौरा मिलने की बात कह रहे हैं, जबकि कोर्ट द्वारा दिया गया चार सप्ताह का अतिरिक्त समय भी 18 अक्टूबर को समाप्त हो गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा पोर्टल पर 37,284 स्कूलों की सूची डालकर बच्चों से ली गई फीस की जानकारी मांगी गई है, इसमें से अब तक मात्र 19,414 स्कूलों ने ही जानकारी पोर्टल पर डाली है। वहीं भोपाल में दर्ज 1990 स्कूलों में अब तक मात्र 1141 स्कूलों ने ही जानकारी भेजी है। स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर मप्र निजी विद्यालय फीस विनियमन क्रियान्वयन प्रणाली के सेक्शन में 10 अक्टूबर तक पंजीयन के लिए लक्षित स्कूल 51,230 दिखाए जा रहे थे, जबकि 16 हजार 166 स्कूलों ने जानकारी दिया जाना दशार्या था। इस तरह केवल 31.5 फीसदी स्कूलों ने जानकारी दी थी। वहीं अब 11 अक्टूबर से इसी पोर्टल पर स्कूलों का आंकड़ा अचानक 14,158 घटकर 37,072 दिखा रहा है। पोर्टल के अनुसार इनमें से 19,414 स्कूलों ने जानकारी दी है। इस तरह जानकारी देने वाले स्कूलों का आंकड़ा बढ़कर 52 फीसद हो गया। पोर्टल पर भोपाल में ही 2615 स्कूल दिखाए जा रहे थे, जो अब 1990 हो गए हैं। पालक महासंघ का कहना है पिछले दो सालों से संचालित नहीं हो रहे कुछ स्कूलों के नाम भी पोर्टल पर थे। इससे उन स्कूलों के नाम काटे गए हैं, जहां नामांकन दर्ज नहीं हुए हैं।

## राजधानी के स्कूलों पर होगी कार्यवाही

भोपाल जिले के 700 से अधिक स्कूलों के पर जानकारी न भेजने वाले स्कूलों के ऊपर 10 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी नितिन सक्सेना का कहना है कि इन स्कूलों को नोटिस भेजा गया है। नोटिस का जवाब नहीं देने वाले स्कूलों के खिलाफ 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाने की तैयारी चल रही है।

***सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग से निजी स्कूलों द्वारा ली गई फीस का ब्यौरा मांगा था, जो अभी तक 52 फीसद स्कूलों ने ही भेजी है। स्कूलों की संख्या में भी गड़बड़झाला किया गया है। विभाग को जवाब देना चाहिए कि बाकी 14 हजार कहां गए। हम इस मामले को लेकर कोर्ट जाएंगे।***

**-प्रबोध पंड्या महासचिव, पालक महासंघ मप्र**

# सोन चिरैया ब्रांड के नाम से मिलेगी पहचान

## स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को प्रदेश और देश में नई पहचान मिलेगी

**भोपाल।** दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को सोन चिरैया ब्रांड के नाम से जाना जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यह बात शिवाजी नगर में महिला हाट-बाजार में राज्य-स्तरीय सोन चिरैया आजीविका उत्सव-2021 के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को सोन चिरैया ब्रांड के नाम से प्रदेश और देश में नई पहचान मिलेगी। आजीविका उत्सव 31 अक्टूबर तक चलेगा। राज्य-स्तरीय उत्सव में प्रदेश के 24 नगरीय निकायों के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों जैसे सजावटी सामान, जरदोरी के आयटम, आर्गनिक उत्पाद, जूट के उत्पाद, ज्वेलरी, गिफ्ट आयटम, अगरबत्ती, अचार, बड़ी-पापड़, मसाले और खिलौने आदि का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। उत्सव में महिलाओं द्वारा रंगोली, चित्रकला, मेहंदी, गायन आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। उत्सव में स्ट्रीट वेण्डर्स द्वारा तैयार किये गये स्वच्छ एवं स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि आज जहां पर आजीविका उत्सव आयोजित किया गया है, यह जगह हाट-बाजार के लिए आरक्षित रहेगी। यहां पर स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को विक्रय के लिये स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।



### शहरों में बनेंगे हाट-बाजार

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय के लिये स्थान उपलब्ध कराने के लिए सभी शहरों में हाट-बाजार बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों के उत्पादों के लिये मार्केट उपलब्ध करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। राज्य-स्तरीय उत्सव में स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित जो सामग्री रखी गई है, वह गुणवत्तापूर्ण है और कम कीमत पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अभी प्रदेश के नगरीय निकायों में 35 हजार स्व-सहायता समूह हैं, जिनमें 3 लाख 50 हजार महिलाएं जुड़ी हुई हैं। आयुक्त नगरपालिक निगम भोपाल केवीएस चौधरी ने सोन चिरैया आजीविका उत्सव के आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस दौरान नगर निगम भोपाल के पूर्व अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## अपहरण कर गाड़ी में ले जा रहे थे, चीख सुनकर टोल प्लाजा कर्मचारियों ने रोका

**भोपाल।** । 5 दिन पहले वाहन को लेकर हुए विवाद की टीस को लेकर शुक्रवार की सुबह भदाकुर ति राहे पर सब्जी खरीद रहे युवक का ओमनी में सवार होकर आए तीन बदमाशों ने अपहरण कर लिया। चलती गाड़ी में युवक के साथ मारपीट की। ऊमरी मार्ग पर छूछरी के पास स्थित टोल प्लाजा पर बदमाशों ने गाड़ी को रोका तो गाड़ी में से आ रही चीख-पुकार की आवाज को सुनकर टोल पर तैनात कर्मचारियों ने आरोपितों के वाहन को रोक लिया। साथ ही पुलिस को इस मामले की जानकारी दी।फूफ थाना इंचार्ज देवीदीन अनुरागी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 9.30 बजे 35 वर्षीय अशोक पुत्र शिवदान सिंह यादव निवासी मनफूल थाना देहात भदाकुर तिराहे पर सब्जी खरीद रहे थे, तभी ओमनी क्रमांक एमपी 07 बीए 2415 में सवार होकर आए मुकुट बिहारी यादव, बबलू यादव और धर्मेंद्र यादव ने अशोक को अपनी गाड़ी में जबरदस्ती बैठा लिया। इसके बाद आरोपितों ने अशोक के साथ चलती गाड़ी में मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोपित अशोक को ऊमरी की ओर ले जा रहे थे, लेकिन तभी छूछरी के पास स्थित टोल प्लाजा पर गाड़ी में से आ रही चीख-पुकार की आवाज को सुनकर टोल पर तैनाम कर्मचारियों ने आरोपितों की गाड़ी को रोक लिया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। अशोक का कहना है कि पांच दिन पहले इन लोगों से उसका किसी वाहन को लेकर झगड़ा हुआ था। इस बात का बदला लेने के लिए आरोपितों ने युवक का अपहरण करने की योजना तैयार की थी। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही आरोपितों के वाहन को भी जब्त किया गया है।

## बीटेक कोर्स में प्रवेश के लिए कालेज लेवल काउंसिलिंग कल से

**इंदौर।** प्रदेश के सबसे बड़े आटोनोमस इंजीनियरिंग संस्थान श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान (एस जी एस आइ टी एस) में दो चरण की मुख्य काउंसिलिंग के बाद अब कालेज स्तर की काउंसिलिंग शुरू हो रही है। मुख्य काउंसिलिंग के बाद खाली सीटों पर विद्यार्थियों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा। ज्वाइंट एंट्रेंस एक्जामिनेशन (जेईई) के पर्सेंटाइल के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। इसके लिए 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे और दोपहर दो बजे से शाम तक कालेज लेवल काउंसिलिंग (सीएलसी) चरण आयोजित किया जा रहा है। 24 अक्टूबर को काउंसिलिंग पूर्ण होने पर जिन ब्रांच में खाली सीटें बचेंगे उसके लिए 25 अक्टूबर को भी काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। लेटरल इंट्री चरण के तहत बीटेक और बी फार्मा में काउंसिलिंग की प्रक्रिया 28 से 30 अक्टूबर तक होगी। काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को 20 हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट डायरेक्टर एसजीएसआइटीएस इंदौर के नाम से बनवाना होगा।संस्थान अक्टूबर में ही अपने एमई-एमटेक और एमएससी कोर्स में प्रवेश के लिए भी काउंसिलिंग कर रहा है। इसमें शामिल होने के लिए 25 अक्टूबर अंतिम तिथि है। एमबीए कोर्स में भी प्रवेश के लिए 25 अक्टूबर अंतिम दिन रहेगा। संस्थान के निदेशक डा. आरके सक्सेना का कहना है कि मुख्य काउंसिलिंग के बाद हर वर्ष कुछ सीट बच जाती है। इसमें जेईई में जिन विद्यार्थियों के अच्छे पर्सेंटाइल होंगे उन्हें काउंसिलिंग केंद्र के अंदर पहले प्रवेश दिया जाएगा। पिछली बार सीएलसी चरण में विद्यार्थियों का अच्छा रूझान था इस बार भी इसी तरह की उम्मीद जता रहे हैं।



## टेक्नीशियन और अटेंडर की भर्ती के नाम पर महिला ने की ठगी

**भोपाल।** राजधानी में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एक बार फिर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस बा एम्स में टेक्नीशियन और अटेंडर के पद पर भर्ती के नाम पर बेरोजगार युवाओं के साथ ठगी की गई है। धोखाधड़ी करने का आरोप में नर्सिंग विभाग की आउटसोर्स महिला कर्मचारी को नौकरी से हटा दिया गया है। जांच में सामने आया है कि पांच लोगों से करीब 5.81 लाख रुपए वसूल लिए गए। चौंकाने वाली बात यह है कि ठगी के शिकार लोगों को एम-?स के डायरेक्टर समेत अन्य अकादमिक स्टाफ की सील और हस्ताक्षर युक ?त नियुक्ति पत्र दे दिए थे। जांच अधिकारी का कहना है कि आरोपित महिला पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। एसआइ विनय कुमार सिंह ने बताया कि बागमुगालिया एक्सटेंशन निवासी गीता चौहान की शिकायत पर एफआइआर दर्ज की गई है। शिकायत में उन-?होंने बताया कि कुछ समय पहले उनकी मुलाकात विजय लक्ष्मी वंशकार से हुई थी। विजयलक्ष्मी एम्स में आउटसोर्स कर्मचारी का काम कर चुकी थी। नवंबर 2020 में प्रबंधन ने उसे कुछ शिकायतों के बाद नौकरी से हटा दिया था। गीता के साथ-साथ वर्षा सोहित, दुर्गा उइके, रोहित कुमार और विनीत पांडे भी बीती 18 अक्टूबर को टेक्नीशियन और अटेंडर के पदों पर ज्वाइन करने एम्स पहुंचे थे। सभी के हाथों में नियुक्ति पत्र थे। सभी एम्स भोपाल डायरेक्टर, एकेडमिक डीन, पूर्व डिप्टी डायरेक्टर और भर्ती सेल प्रभारी के हस्ताक्षर के साथ सील लगी थीं।

# मानदेय घोटाले से जुड़े अधिकारियों की बर्खास्तगी का प्रस्ताव




**भोपाल।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय घोटाले में लिप्त भोपाल के दो बाल विकास परियोजना अधिकारियों की बर्खास्तगी की फाइल चल पड़ी है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने दोनों अधिकारियों की बर्खास्तगी का प्रस्ताव मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) को भेज दिया है। इस मामले में अब आयोग अंतिम निर्णय लेगा। वहीं विभाग ने करीब 40 अधिकारियों-कर्मचारियों से घोटाले की राशि वसूलने की भी तैयारी कर ली है। इन कर्मचारियों को नोटिस जारी किया जा रहा है। ज्ञात हो कि प्रदेश के 14 जिलों में किए गए इस घोटाले में शासन को 26 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचा है। भोपाल की आठ बाल विकास परियोजनाओं में सबसे पहले वर्ष 2017 में घोटाले का पता चला। मामले में आठ परियोजना अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच कराई गई है। इनमें से राहुल संधीर, कीर्ति अग्रवाल, सुमेधा त्रिपाठी सहित एक अन्य अधिकारी की जांच पूरी हो गई है। जबकि, अर्चना भटनागर, लिपिक दिलीप जेठानी एवं बीना भदौरिया की जांच अभी चल रही है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय से स्थगन होने के कारण परियोजना अधिकारी मीना मिंज, बबीता मेहरा और नईम खान की जांच भी अधूरी है। जिन अधिकारियों की जांच पूरी हो गई है, उनमें से एक पुरुष व एक महिला अधिकारी को बर्खास्त करने का प्रस्ताव एमपीपीएससी को भेजा गया है। ज्ञात हो कि घोटाला वर्ष 2014 से किया जा रहा था और भोपाल के बाद अब तक 14 जिले इससे प्रभावित हो चुके हैं।



# मोबाइल पर भेजी लिंक खाते से उड़ा लिए 76 हजार रुपये

**भोपाल।** राजधानी के हर्षवर्धन नगर में रहने वाली मैनिट की सहायक प्राध्यापक के साथ 75 हजार की धोखाधड़ी हो गई। उनकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। आरोपित ने खुद को सेना का अफसर बताकर उनको ओएलएक्स पर सामान खरीदने के बहाने मोबाइल पर लिंक भेजकर वारदात कर दी।पुलिस के मुताबिक हर्षवर्धन नगर निवासी 34 वर्षीय महिला मैनिट में प्रोफेसर थीं। कुछ समय पहले उन्होंने दूसरे इंस्टीट्यूट में नौकरी ज्वाइन की, जिसके कारण उन्हें अपना घरेलू सामान बेचना था। इसके लिए प्रोफेसर ने ओएलएक्स पर एक विज्ञापन डाला था। विज्ञापन देखने के बाद विनय कुमार नामक व्यक्ति ने उनसे सेना का अधिकारी बनकर संपर्क किया और सामान की जरूरत बताने की बात कही। सामान का सौदा तय होने के बाद विनय ने रुपयों के भुगतान के लिए प्रोफेसर से उनके एटीएम कार्ड का नंबर ले लिया। इसके बाद उसने बताया कि वह क्रेडिट कार्ड से भुगतान नहीं कर पा रहा है, इसलिए मोबाइल पर एक लिंक भेज रहा है, जिसके क्लिक करने के बाद भुगतान प्राप्त हो जाएगा। महिला प्रोफेसर ने मोबाइल पर आई लिंक को जैसे ही क्लिक किया तो उनके खाते से रुपये कटना शुरू हो गए। वह जब तक अपना खाता ब्लाक करवातीं, तब तक 76 हजार 200 रुपये कट गए। महिला ने इस मामले की शिकायत साइबर क्राइम में की थी, जिसे जांच के बाद टीटी नगर थाने भेज दिया गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### ब्लड सैंपल की जांच कराने का झांसा देकर ठगी

अशोका गार्डन पुलिस ने एक महिला डाक्टर की रिपोर्ट पर अज्ञात जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपित ने पंद्रह साथियों के ब्लड सैंपल की जांच कराने का झांसा देकर महिला से रुपये ठग लिए। पुलिस के मुताबिक अशोका गार्डन में रहने वाली कल्पना गौर (22) डाक्टर हैं। चौदह अक्टूबर को सेलवा नामक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया और खुद को सेना का जवान बताया। सेलवा ने कहा कि उसे अपने पंद्रह साथियों का ब्लड टेस्ट करवाना है, इसके लिए कितना खर्चा आएगा। कल्पना ने बताया कि पंद्रह लोगों के टेस्ट के लिए 19 हजार 450 रुपये लग जाएंगे। एडवांस रुपये भेजने के नाम पर सेलवा ने कल्पना को एक लिंक भेजी। कल्पना ने जैसे ही उक्त लिंक खोली तो उनके एकाउंट से इतने ही रुपये कट गए। सायबर क्राइम में हुई शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।




# भारत-पाकिस्तान मैच से पहले बीसीसीआई का फरमान

## विश्व कप छोड़ चार खिलाड़ी लौटेंगे स्वदेश



आईसीसी टी-20 विश्व कप 2021 में भारत और पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मैच 24 अक्तूबर को खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। बीसीसीआई ने टीम इंडिया के खेमे में शामिल चार क्रिकेटरों को वापस स्वदेश भेजने का फैसला किया है। टी-20 विश्व कप के दौरान जिन खिलाड़ियों को वापस स्वदेश भेजने का आदेश दिया गया है उनमें नेट गेंदबाज शाहबाज नदीम, कृष्णप्पा गौतम, कर्ण शर्मा, और वेंकटेश अय्यर शामिल हैं। टी-20 विश्व कप को देखते हुए बीसीसीआई ने बल्लेबाजों की तैयारी करने के लिए आठ नेट गेंदबाज चुने थे। यूएई से वापस आने वाले यह सभी चारों गेंदबाज घरेलू टूर्नामेंट के तहत सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे।

### बीसीसीआई ने दी तेज गेंदबाजों को अहमियत

इन चार गेंदबाजों के स्वदेश आने बाद उमरान मलिक, आवेश खान, हर्षल पटेल और लुकमान मेरिवाला को भारतीय टीम के साथ बरकरार रखा गया है। विश्व कप के दौरान नेट गेंदबाज के रूप में बीसीसीआई ने तेज गेंदबाजों को ज्यादा तवज्जो दी है। ये चारों तेज गेंदबाज पूरे विश्व कप में टीम इंडिया के साथ बने रहेंगे। समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, विश्व कप शुरू होने के बाद ज्यादा नेट सेशन नहीं होने वाले हैं, इस वजह से राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को लगा कि इन गेंदबाजों को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलना चाहिए, जिसके चलते इन खिलाड़ियों को मैच प्रैक्टिस मिलेगी। सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट की शुरुआत चार नवंबर से होगी।

### हर्षल ने लिए थे आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट

हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न हुए आईपीएल 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के गेंदबाज हर्षल पटेल सबसे ज्यादा 32 विकेट लिए थे। उनके बाद दिल्ली कैपिटल्स के बॉलर आवेश खान दूसरे नंबर पर रहे। वहीं, जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने अपनी रफ्तार से समा बांधा। इस टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने अपनी तेज बॉलिंग के जरिए सबको प्रभावित किया। इस सीजन में उन्होंने सबसे तेज गेंद फेंकने का भी रिकॉर्ड बनाया।




# स्कॉटलैंड के गेंदबाज ने विराट को दी चेतावनी

## कोहली के लिए तैयार की खास रणनीति

बांग्लादेश, पापुआ न्यू गिनी और ओमान पर जीत की हैट्रिक के साथ सुपर 12 में क्वालीफाई करने के स्कॉटलैंड के हौसले टी-20 विश्व कप में बुलंद हैं। तीनों क्वालीफाई मुकाबले जीतने के बाद योग्यता के आधार पर स्कॉटलैंड को ग्रुप 2 में रखा गया है जिसमें भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान की टीमें शामिल हैं। क्वालीफाई मैचों में मिली अपार सफलता के बाद बाएं हाथ के स्पिनर मार्क वाट काफी खुश हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले को लेकर बयान दिया है। मार्क वाट ने कहा, उन्होंने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली को आउट करने के लिए खास रणनीति बनाई है। भारत और स्कॉटलैंड के बीच पांच नवंबर को मैच खेला जाएगा।



### अगला एजेंडा विराट का विकेट

मार्क वाट ने भले ही क्वालीफायर मुकाबलों में सिर्फ तीन विकेट लिए हों, लेकिन भारत के खिलाफ होने वाले मैच में बाए हाथ के स्पिनर मार्क वाट टीम इंडिया के कप्तान विराट को निशाना बनाना चाहते हैं, दुनिया की कुछ बेहतरीन टीमों और खिलाड़ियों के साथ खेलने को बेताब मार्क वाट के एजेंडे में विराट कोहली का विकेट शामिल है। मिरर स्पोर्ट्स से बात करते हुए उन्होंने कहा, मैंने विराट को आउट करने के लिए कुछ योजनाएं बनाई हैं, मैं इस समय उनको लेकर चुप रहने वाला हूं, मेरा मानना है कि विराट को चिंतित होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा जब आप बड़े सितारों के खिलाफ मैच खेलते हैं, आप अपने आपको श्रेष्ठ टीम के आगे चुनौती देना चाहते हैं। वाट के मुताबिक, टीम के सभी खिलाड़ी पूरी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।

### स्कॉटलैंड का सफर

क्वालीफाई मुकाबलों में स्कॉटलैंड ने उलटफेर करते हुए बांग्लादेश को छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। उसके बाद पपुआ न्यूगिनी को 17 रनों से शिकस्त दी। वहीं, अपने तीसरे और अंतिम मुकाबले में स्कॉटलैंड ने ओमान को 8 विकेट से रौंदा। अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम सुपर 12 में पहुंचने में सफल रही। मार्क वाट का मानना है कि टीम आगे भी उलटफेर करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम कुछ और उलटफेर करने जा रहे हैं, हमने इसे पहले किया है, हमने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय टीम को हराया है, हमने यहां बांग्लादेश को हराया है और मुझे लगता है कि टीमें हमें हल्के में नहीं लेंगी, उन्हें स्कॉटलैंड के बारे में चिंतित होना चाहिए, हम शानदार फॉर्म में हैं और हमें आगे चलकर काफी मूमेंट मिला है, मुझे नहीं लगता कि हमें कुछ अलग करने की जरूरत है; हमने अपने सभी तीनों मैच जीते हैं।

# बुमराह से शाहीन की तुलना को आमिर ने बताया बेवकूफी

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने जसप्रीत बुमराह से शाहीन शाह अफरीदी की तुलना करने वाले लोगों के बेवकूफ बताया है। उनका कहना है कि शाहीन अभी सीख रहे हैं। आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 24 अक्तूबर को मैच खेला जाएगा।  आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 24 अक्तूबर को मैच खेला जाएगा। इस महामुकाबले का इंतजार क्रिकेट फैंस बेसब्री से कर रहे हैं। इस मैच में जहां बल्लेबाजी में सबकी निगाहें विराट कोहली, बाबर आजम और रोहित शर्मा पर हैं, वहीं गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और शाहीन अफरीदी अपनी-अपनी टीमों की नैया पार लगाने की कोशिश करेंगे। बीते कूछ समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शाहीन शाह अफरीदी शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं। जिसके चलते कुछ क्रिकेट विशेषज्ञ शाहीन की तुलना बुमराह से कर रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान के फास्ट बॉलर मोहम्मद आमिर ने ऐसे लोगों की क्लास लगाई है। उन्होंने बुमराह से अफरीदी की तुलना करने वालों को बेवकूफ कहा है।

### बुमराह-शाहीन की तुलना करने वाले बेवकूफ

एक यूट्यूब चैनल से बात करते हुए मोहम्मद आमिर ने कहा, शाहीन शाह अफरीदी अभी युवा हैं और वह सीख रहे हैं जबकि, जसप्रीत बुमराह मझे हुए गेंदबाज हैं और वह लंबे समय से भारत के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, इन दोनों गेंदबाजों की आपस में तुलना करना बेवकूफी है। वहीं, आमिर ने भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर कहा कि इस मुकाबले में टीम इंडिया का पलड़ा भारी है। उनका कहना है कि भारत के खिलाड़ी हाल ही में यूएई में खेले हैं और वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने आगे कहा, भारत-पाकिस्तान मैच वाले दिन जो प्रेशर को अच्छी तरह से मैनेज करेगा वही मुकाबला जीतेगा।

### भारत का स्पिन अटैक बेहतर

मोहम्मद आमिर के मुताबिक, भारत का स्पिन गेंदबाजी आक्रमण पाकिस्तान के मुकाबले काफी बेहतर है। उन्होंने कहा, भारत के पास एज है, क्योंकि रवींद्र जडेजा, आर अश्विन और वरुण चक्रवर्ती ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छी गेंदबाजी की है। उन्होंने आगे कहा, भारत और पाकिस्तान की टीमें टी-20 विश्व कप में अब तक पांच पार मैच खेल चुकी हैं और हर बार भारत मैच जीतने में सफल रहा।

# असली टी-20 विश्व कप आज से

टी-20 विश्व कप में आज से सुपर-12 मुकाबलों की शुरुआत हो रही है। असली मायने में विश्व का आगाज आज से ही हो रहा है। इससे पहले क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले खेले जा रहे थे। ग्रुप-1 के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मुकाबला दोपहर 3ः30 बजे से अबू धाबी में खेला जाएगा। दोनों ही टीमें अब तक एक भी विश्व कप खिताब नहीं जीत पाई और पहली बार इस ट्रॉफी को जीतने के अभियान की शुरुआत करेंगी।

ग्रुप-1 में इन दो टीमों के अलावा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका है। छह टीमों में से टॉप-2 को सेमीफाइनल में जगह मिलेगी। लिहाजा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों के लिए मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है।

खराब फॉर्म से जूझ रही ऑस्ट्रेलियाई टीम-ऑस्ट्रेलिया की टीम फिलहाल खराब फॉर्म से जूझ रही है। विश्व कप में आने से पहले उसे बांग्लादेश, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, भारत और इंग्लैंड ने द्विपक्षीय सीरीज में हराया है। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 13 मैच हारे हैं और सिर्फ पांच मुकाबलों में जीत मिली है।

वार्नर का फॉर्म चिंता का विषय-टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता विस्फोटक बल्लेबाज डेविड वार्नर का खराब फॉर्म है। आईपीएल के दूसरे फेज में बेहद खराब बल्लेबाजी करने वाले वार्नर को सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी ने आराम दे दिया था।

मैक्सवेल और स्टीव स्मिथ पर दारोमदार-इसके अलावा कप्तान एरॉन फिंच, मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ और मार्कस स्टोइनिस पर बल्लेबाजी का दारोमदार होगा। मैक्सवेल इस वक्त शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलियाई टीम दो स्पिनर के साथ उतर सकती है। दक्षिण अफ्रीका की टीम फिलहाल शानदार फॉर्म में है और टीम गत चैंपियन वेस्टइंडीज, आयरलैंड और श्रीलंका को द्विपक्षीय सीरीज में हराकर यहां पहुंची है। दक्षिण अफ्रीका ने अपने दोनों वार्म अप मैचों में भी जीत दर्ज की थी। उन्होंने पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम को अभ्यास मैच में शिकस्त दी। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के लिए यह मुकाबला कठिन रहने वाला है।टीम के अनुभवी बल्लेबाज रसी वान डर डसेन और एडेन मर्कराम शानदार फॉर्म में हैं। डसेन ने पाकिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच में शतक जड़ा था। वहीं, मार्कराम ने आईपीएल के दूसरे फेज में यहां शानदार बल्लेबाजी की थी। इसके अलावा क्विंटन डिकॉक और कप्तान तेम्बा बावुमा पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी होगी।

दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी शानदार है। टीम के पास तबरेज शम्सी और केशव महाराज के रूप में दो उपयोगी स्पिनर मौजूद हैं,

ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका मुकाबला आंकड़ों मेंपहली बार दोनों टीमें 2006 में भिड़ी थीं और तब से लेकर अब तक 21 बार टी-20 में आमने-सामने आ चुकी हैं। इसमें से 13 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते। वहीं, आठ मुकाबलों में दक्षिण अफ्रीकी टीम को जीत मिली।

पिच एंड कंडीशंस-यह मैच दिन में होना है। तेज धूप और तेज गर्मी से दोनों टीमों को जूझना होगा। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। विश्व कप में चार क्वालीफायर मुकाबले अबू धाबी में हुए हैं। इनमें से तीन बाद में बैटिंग करने वाली टीम जीती। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो पहले बैटिंग करने वाली टीम ज्यादा मैच जीती है।दोपहर में मैच होने के कारण गर्मी का प्रभाव रहेगा। पिच में गेंदबाजों के लिए कुछ खास मदद नहीं होगी। बैटिंग करने वाली टीम पिच पर काफी रन जुटा सकती है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 170 रनों का स्कोर खड़ा कर सकती है।



# अखण्ड सौभाग्य की कामना का महापर्व करवाचौथ कल

## महिलाएं एवं युवतियां रखेंगी निर्जला व्रत, शाम को चांद को अर्ध्य देकर की जाएगी पूजा अर्चना



**कटनी।** अखण्ड सौभाग्य की कामना का महापर्व करवाचौथ कल रविवार को महिलाओं एवं युवतियों द्वारा उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा निर्जला व्रत रखते हुए शाम को शुभ मुहूर्त में चांद को अर्ध्य देते हुए पूजन अर्चन किया जाएगा। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार करवा चौथ व्रत हर वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। चतुर्थी तिथि में चंद्रमा का उदय होना महत्वपूर्ण होता हैए क्योंकि इस व्रत में चंद्रमा को अर्ध्य देने के बाद ही पति के हाथों पारण किया जाता हैए तभी व्रत को पूर्ण मानते हैं। करवा चौथ के दिन माता पार्वतीए भगवान शिवए गणेश जी, भगवान कार्तिकेय और चंद्रमा की पूजा करने का विधान है। करवा चौथ का व्रत निर्जला रखा जाता है। हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत करती हैंए इस दिन को करवाचौथ कहते हैं। रात में चांद का दीदार करने और चलनी से पति का चेहरा देखने के बाद महिलाएं यह व्रत तोड़ती हैं। कृष्?ण पक्ष की चतुर्थी के दिन यह व्रत किया जाता है और इस साल यह तिथि 24 अक्टूबर रविवार को पड़ रही है। माना जा रहा है कि करवा चौथ पर इस बार 5 साल बाद यह शुभ योग बन रहा है कि करवा चौथ के व्रत की पूजा रोहिणी नक्षत्र में की जाएगी। इसके अलावा रविवार को यह व्रत होने से भी इस सूर्यदेव का शुभ प्रभाव भी इस व्रत पर पड़ेगा।

### करवा चौथ व्रत का महत्?व

करवा चौथ के व्रत को लेकर शास्?त्रों में कहा गया है कि इसको करने से न सिर्फ पति की आयु लंबी होती हैए बल्कि इस व्रत को करने से वैवाहिक जीवन की सारी परेशानियां भी दूर होती हैं और सौभाग्?य की प्राप्ति होती है। कहते हैं कि सुहाग के व्रत को करने से सौभाग्?य की प्राप्ति होती है और परिवार संकट से दूर रहता है। कहते हैं कि इस दिन माता पार्वतीए शिवजी और कार्तिकेय का पूजन करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।

### करवा चौथ पूजा मुहूर्त

इस वर्ष करवा चौथ पूजा का मुहूर्त 1 घंटा 17 मिनट का है। करवा चौथ के दिन शाम को 5 बजकर 43 मिनट से शाम 6 बजकर 59 मिनट के मध्य चौथ माता यानी माता पार्वती, भगवान शिवए गणेश जी, भगवान कार्तिकेय का विधिपूर्वक पूजन किया जा सकता हैए इसके बाद चंद्रमा के उदय होने पर उनकी पूजा करें और अर्घ्य दें। पति की लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना करें। उसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण करके व्रत का पारण करें। पारण से ही व्रत पूरा होता है।

### करवा चौथ चन्द्र अर्घ्य का समय

इस साल करवा चौथ के दिन चंद्रमा के उदय होने का समय रात 8 बजकर 7 मिनट पर है। रात 08. 07 बजे चंद्रमा की पूजा करते हुए दूधए अक्षतए पुष्प मिश्रित जल से चंद्रमा को अर्घ्य दें।

### ऐसे करें करवा चौथ के व्रत की पूजा

करवा चौथ के दिन सुबह उठकर सरगी का सेवन किया जाता है और उसके बाद स्नान करके घर के सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर व्रत का आरंभ किया जाता है। करवा चौथ का व्रत पूरे दिन निर्जला किया जाता है और उसके बाद शाम के समय तुलसी के समक्ष बैठकर करवा चौथ के व्रत की विधि विधान से पूजा की जाती है। चांद निकलने से पहले थाली में धूप-दीप, रोली, अक्षत, पुष्प और मिठाई रख लें। करवे में अर्घ्य देने के लिए जल भर लें और फिर चांद निकलने के बाद अर्घ्य देकर छलनी से पति का चेहरा देखकर व्रत तोड़ लें।



# बदहाली पर आंसू बहा रहा फॉरेस्टर प्लेग्राउंड

## उबड़ खाबड़ मैदान, सुविधाएं नदारद, विकास और कायाकल्प पर ध्यान नहीं दे रहे जनप्रतिनिधि एवं अफसर, कभी पार्किंग स्थल तो कभी सब्जी बाजार, परेशान खिलाड़ी

**कटनी।** शहर का एकमात्र खेल मैदान फॉरेस्टर प्लेग्राउंड पिछले कई सालों से अपनी दुर्दशा पर खून के आंसू बहा रहा है। खेल मैदान में सुविधाओं के नाम पर कुछ ही नहीं हैए जिसके चलते यहां खेलने के लिए आने वाले युवाओं के साथ ही छोटे छोटे बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर व जिले के कई खिलाड़ी ऐसे हैं, जो न सिर्फ संभागए प्रदेश और देश बल्कि सात समुंदर पार भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैंए लेकिन ताज्जबु की बात तो यह है कि शहर की खेल प्रतिभाएं सुविधाओं के लिए मोहताज हैं। शहर में एक भी विकसित व सर्व सुविधायुक्त खेल मैदान नहीं है ओर जो हैं भी तो उस उचित रखरखाव और कायाकल्प नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि शहर का एक मात्र खेल मैदान फारेस्टर प्लेग्राउंड बदहाली के आंसू बहा रहा है। तीन साल से साढ़े तीन करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनकर तैयार हैए उसे भोपाल मुख्यालय भेजा गयाए लेकिन अब तक मुहर नहीं लगी है। लगातार पत्र व्यवहार व पहल के बाद भी स्वीकृति नहीं मिली। पहले दो करोड़ का व फिर साढ़े तीन करोड़ का प्रस्ताव पीआइयू ने बनाया था। उसे संचालनालय भेजा गयाए लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिली।

### खिलाड़ियों को रही दिक्कत

फारेस्टर मैदान का रखरखाव नहीं हो पा रहा है। इसकी दशा सुधारने के लिए नगर निगम से मैदान खेल विभाग के सुपुर्द कर दिया गया हैए इसके बाद भी व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रहीं। मैदान में अव्यवस्था से सुबह-शाम सैर करने वाले लोग भी यहा आने में कतराते हैं। वजह यही है कि शाम को पीने.पिलाने वाले शौकीनों का न केवल जमावड़ा लगता हैए बल्कि उनका पीने.पिलाने का दौर घटों चलता है। न तो इस ओर खेल समिति व नगर निगम का और ना ही पुलिस प्रशासन का ध्यान है, जिसके चलते पीने-पिलाने के शौकीन मस्त हो इस मैदान को मयखाना मान खूब लुत्फ उठाते हैं। खेल मैदान में खेलने वाले युवा प्रतिभाओं का भी कहना है कि कई बार मैदान में भी शराब की खाली बोतल पड़ी मिलती है जिससे चोट लगने का डर बना रहता है।

### प्रसाधन भी नहीं है ठीक

फारेस्टर खेल मैदान में खिलाडियों के लिए उबड़.खाबड़ मैदान के सिवा कोई भी सुविधाएं नहीं मिलती है। मैदान में खिलाडियों को यदि खेलते वक्त प्यास लग जाए तो उन्हें वहां पर पानी नसीब नहीं हो सकता है या तो वे बाहर आकर पानी पी सकते हैं या फिर अपने साथ उन्हें पानी लेकर जाना पड़ेगा। इतना ही नहीं मैदान में बना प्रसाधन गंदगी से अटा पड़ा है। प्रसाधन की नियमित साफ-सफाई भी नहीं होती। इतना ही नहीं मैदान में खिलाडियों के लिए न तो छाया की व्यवस्था है और ना ही दर्शकों के लिए। कोने में एक छोटा सा शेड बना हुआ है जो नाकाफी है। मैदान भी बाइकर्स का अड्डा बन गया है।

### वाह रे मेरी फूटी तकदीर...

महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड निवासी राजेंद्र सिंह चौहान ने संपादक के नाम लिखे पत्र में फॉरेस्टर प्लेग्राउंड की दुर्दशा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वाह रे मेरी फूटी तकेदीर। कभी में राजाओं के संरक्षण में रहा। कभी अंग्रेज मुझ पर खड़े होकर चाय ब्रेड बॉटा करते थे। कभी राजनेताओं का आगमन होता था। कभी बच्चू बाबू मौत का कुआ हुआ करता थाए तो कभी रेमन जैसे सर्कस लगते थे कभी राष्ट्रपिता का आगमन हुआ था । फिर मेरे कई टुकड़े हो गये । एक हॉकी ग्राउन्ड बना, चौपाटी बनी, क्रिकेट ग्राउन्ड बना। मुझे कभी योग गुरु ने सुसज्जित कियाए फिर मुझ पर 26 जनवरी एवं 15 अगस्त की परेड, ध्वजारोहण होता रहा । कभी इंडिया हाकी टूनामेंटो का आयोजन होने लगा। यहां विदेशों की टीम ने आकर मुझ पर हाकी की कलाबाजियां की। पुराने समय के एक अग्रेंज अधिकारीए जो फारेस्टर के नाम से जाने जाते थेए उन्होने यह फारेस्टर खेल ग्राउन्ड बच्चों को खेलने के लिये दान में दिया था। फारेस्टर ने फारेस्टर प्ले ग्राउन्ड नाम से एक शिलालेख लगवाया थाए जिसका एक कोना किन्हीं लोगो द्वारा तोड़ दिया गया । अब में फॉरेस्टर प्लेग्राउंड घायल अवस्था में पान के टपरे के पीछे छुपा हुआ है। राजेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि में उस भारत माता के सपूत का इंतजार कर रहा हूं कि वो कब पैदा होगाए जो मेरा श्रृंगार करेगा। कटनी कस्वे से तहसीलए तहसील से जिला हुआ। इस कटनी नगर ने सांसद, विधायक, कई मंत्रियों को बनाया। आजू बाजू के जिलों में हाकी स्ट्रो टूर्फ खेल मैदान बनवाया गयाए पर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड की ऐसी किस्मत कहां।

# चलती कार में भड़की आग, बाल-बाल बचे कार सवार

## हाइवे पर हादसा, चित्रकूट से वापस लौट रहा था जबलपुर का परिवार

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैनी में शुक्रवार की रात उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गईए जब एकाएक ओमनी कार में आग भड़क गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाई और कार को आग के शोलों में तब्दील होने से पहले ही सभी को सुरक्षित बचा लिया। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि कार क्रमांक एमपी 04 बीसी 0959 ओमनी वेन में ग्राम नटवारा थाना शाहपुरा भिटौनी के रहने वाले लोग चित्रकूट गए हुए थे। चित्रकूट से नटवारा लौट रहे थे। कार में 10 लोग सवार थे। चालक अवधेश सिंह, बद्री सिंह राजपूत सहित अन्य आठ लोग सवार थे। कार जैसे ही शुक्रवार शाम पौने आठ बजे पुरैनी पहुंची तो एकदम से कार बंद हो गई। कार को जैसे ही चालक ने फिर से स्टार्ट किया तो एकदम से आग भड़क गई। तभी नजर स्थानीय लोगों की पड़ गई। कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी और कुछ लोग बचाव के लिए दौड़े। कार के कांच आदि तोड़कर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। तबतक पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। लोगों को सुरक्षित बचाया गया। सूचना पर दमकल भी मौके पर पहुंची और आग को काबू में किया। वहीं लोगों को सुरक्षित अन्य वाहन से गंतव्य के लिए रवाना किया गया।



# खेतों में खड़ी अधपकी धान की फसल को ट्रैक्टरों से जुताई करवा रहे किसान

**कटनी।** खेती के जरिये अन्नदाता आमदनी करता है और उसी से सालभर तमाम आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। इस वर्ष भी किसानों को धान की खेती से अच्छी आमदनी की आस जाग थी। कृषकों ने बड़ी मेहनत कर खेतों में धान की रोपनी व छिड़काव पद्धति से भी बोवनी की। लेकिन बारिश के अभाव में धान की फसल को सिंचित नहीं कर सके जिससे फसल नहीं पक सकी। जिससे किसानों को बहुत अधिक आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। अब जबकि रबी सीजन की खेती का दौर आ गया है। कृषक खेतों अधपकी धान की फसल को ट्रैक्टर व हैरो से जुताई कर नष्ट कर रहे हैं और रबी सीजन के लिए खेत तैयार कर रहे है। गुरुवार को स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत मटवारा में कृषक हिमांचल विश्वकर्मा ने 4 एकड़, मानिक लाल यादव ने 1 एकड़, ससकुमार यादव ने 1 एकड़ए कमल कुमार पांडेय ने 8 एकड़ व संतोष यादव ने 1 एकड़ में धान की अधपकी फसल पर ट्रैक्टर से नष्ट कर जुताई करवा दी। कृषकों का कहना है कि इस वर्ष खरीफ सीजन की प्रमुख धान की फसल किसानों के लिए घाटे का सौदा रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

**वर्षा के अभाव में नहीं पक सकी धान की फसल, खरीफ सीजन की खेती बनी घाटे का सौदाए अब रबी सीजन की तैयारियों में जुटे किसान**

### न्यायालय तहसीलदार कटनी (नगर), जिला कटनी

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 0959/अ-6/2021-2022**

**इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अंजू श्रीवास्तव पति स्व. अशोक श्रीवास्तव निवासी छोटी खिरहनी के द्वारा मौजा खिरहनी पटवारी हल्का नंबर 41 स्थित भूमि खसरा नंबर 590/17 रकवा 0.006 हैक्टेयर का आवेदिका की माँ इंद्रा पति तेजबहादुर लाल श्रीवास्तव के द्वारा निष्पादित अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 24.01.2021 के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । वसीयत के आधार पर नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/जनप्रतिनिधि या संस्था एवं बैंक आदि को आपत्ति हो तो स्वयं या अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनाँक के पश्चात प्राप्त आपत्ति/आक्षेप पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। जारी किया गया।

आज दिनांक 22/10/2021 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सुनवाई का स्थान न्यायालय तहसीलदार कटनी (नगर)
**जारी दिनॉक - 22/10/2021**
**नियत दिनॉक - 10/11/2021**

**तहसीलदार कटनी नगर कटनी**















### युवकों से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद

**कटनी।** उमरियापान सगौना गांव से ढीमरखेड़ा पुलिस ने दो युवकों के पास से 20 लीटर कच्ची शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सगौना निवासी ब्रजभान सिंह 24 वर्ष और सुखेंन्द्र सिंह 18 वर्ष के पास से गुरुवार रात दोनों युवकों को हाथभट्टी सहित 10-10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)